# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 28 फाल्गुन, 1936 (श0) / 19 मार्च, 2015(ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 72

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 13 |
| (2) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 07 |
| (3) | कृषि विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 11 |
| (5) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) | विधि विभाग (धार्मिक न्यास) | .. | .. | 01 |
| (7) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 22 |
| (8) | सहकारिता विभाग | .. | .. | 05 |
| | | | कुल योग — | 72 |

### निर्माण शीघ्र कराना

*140. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के वार्ड नं0-7 के मस्जिद से माली टोला पथ में पुल का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना से 25 लाख की लागत से वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्वीकृति के बावजूद आजतक उक्त पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य शीर्घ कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

### कार्रवाई करना

*141. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित ''करोड़ों की सब्सिडी खा गये विचौलिए अफसर'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग में संचालित पुष्प योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए वर्ष 2013 ए0 एन0 सिन्हा इंस्टीच्यूट से रिसर्च करवाया गया था जिसके आधार पर इवोल्यूशन आफ फ्लैगशिप प्रोग्राम ऑफ एग्रीकल्चर डेवलपमेंट नाम से रिपोर्ट सार्वजनिक की गयी, उक्त रिपोर्ट में 2011-12, 2012-13 में सब्सिडी के रूप में जारी करोड़ों रुपये किसानों तक नहीं पहुंचने, फलदार पौधा बाँटने के बदले अंजान पौधा देने, थ्रेसर पंप सेट एवं कृषि यंत्र सब्सिडी में घोटाले के बारे में बताया गया है, यदि हाँ तो सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### पदस्थापित करना

*142. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखण्ड मुख्यालय अवस्थित मवेशी अस्पताल में एक भी डाक्टर पदस्थापित नहीं है, यदि हाँ तो सरकार बिस्फी स्थित मवेशी अस्पताल में कबतक डॉक्टर पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### गोदामों की मरम्मत

*143. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के भैरोडीह, इटौर, मुकुन्दपुर, नारदी सहित अन्य गाँवों में सहकारिता सहयोग समिति द्वारा निर्माण कराये गये हल्का गोदाम की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ तो सरकार उक्त गोदामों की मरम्मति कबतक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

गोदाम का निर्माण

*144. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के खड़का पैक्स में 1000 एम0 टी0 का गोदाम निर्माण के लिए कार्यालय जिला सहकारिता पदाधिकारी के पत्रांक 292, दिनांक 7 सितम्बर, 2012 द्वारा सूची जारी की गई है, यदि हाँ तो सरकार खड़का पैक्स में 1000 एम0 टी0 का गोदाम का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*145. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर विधान-सभा क्षेत्र के हसनपुर प्रखंड के ग्राम बगराहा (अहिलवार) तथा ग्राम-दाशा में मिनी जलापूर्ति योजनान्तर्गत जलमीनार निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत चार वर्षों से उक्त जलमीनार निर्माण कार्य संवेदक द्वारा नहीं पूर्ण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक संवेदक पर कार्रवाई कर कार्य पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधिकार दिलाना

*146. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत जन्दाहा एवं महनार प्रखण्डों में 70 प्रतिशत आबादी खाद्य सुरक्षा अधिकार से अभी तक वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में सामाजिक, आर्थिक जनगणना में काफी गड़बड़ियाँ होने के कारण लगभग 70 प्रतिशत गरीबों की आबादी इसके शिकार हुए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में आर्थिक, सामाजिक जनगणना में सुधार कराकर वास्तविक गरीब एवं असहाय लाभुकों को खाद्य सुरक्षा अधिकार दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शीघ्र निर्माण कराना

*147. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगरपंचायत के शुदरी हाट से पश्चिम में अग्रवाल के घर होते हुए पश्चिम, पीच रोड तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*148. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के नौतन विधान-सभा क्षेत्र के नौतन एवं बैरिया प्रखंड में मिट्टी जाँच करने हेतु कोई भी प्रयोगशाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों प्रखंडों के किसानों को मिट्टी जाँच कराने हेतु दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के हित में मिट्टी जाँच हेतु उक्त प्रखंडों में प्रयोगशाला का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

-------

जलमीनार का निर्माण

*149. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के मोहनी टीकापुर पंचायत के मोहनी गाँव एवं सबदलपुर गाँव में मिनी जलमीनार नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में जलमीनार नहीं होने से मोहनी गाँव एवं सबदलपुर गाँवों को शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

-------

निर्माण कराना

*150. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत मनिहारी प्रखंड परिसर में ही अनुमंडल कार्यालय, ई-किसान भवन, प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, व्यापार मंडल कार्यालय, बार एसोसिएशन, बाल विकास परियोजना इत्यादि कार्यालय है, लेकिन उक्त परिसर की चहारदीवारी नहीं रहने के कारण अस्त-व्यस्तता का माहौल बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिसर का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

उड़ाही कराना

*151. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड के ग्राम-डोइला मँदिर, रामपुर अरौली, अमरदह एवं तरैया प्रखंड के ग्राम डेबढ़ी, नारायणपुर, परौना, पचभिंडा तथा पानापुर प्रखंड के ग्राम लगुनी, सतजोड़ा एवं बकवा में तालाबों की उड़ाही 10 वर्षों से नहीं होने के कारण कचड़ा से भरा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तालाबों की उड़ाही कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

हैचरी खोलने

*152. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि एवं तुरकौलिया प्रखंडों में नदी एवं तालाब रहने के बावजुद मत्स्य पालन केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों के मन एवं नदी में कबतक हैचरी (मत्स्य पालन) केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*153. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत मोहड़ा प्रखण्ड के ग्राम मोहड़ा, कोयरिचाचक, अम्बा बिगहा, दामोदरा, नीमा, चन्दैला, पकरी आदि ग्रामों में पीने के पानी में आयरन, फ्लोराईड क्लोराईड है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में पीने के लिये स्वच्छ पानी हेतु एक-एक मिनी सोलर ट्यूबवेल कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थिति सुदृढ़ करना

*154. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में व्यापार मंडल सहयोग समितियाँ प्रखण्ड स्तर की पणन सहकारी समिति है जो कृषकों को उनके कृषि उत्पाद में प्रयुक्त होने वाले वस्तुओं जैसे खादय, कीटनाशक दवा इत्यादि की व्यवस्था के साथ ही कृषि उत्पाद का पणन भी करती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में गठित सभी व्यापार मंडल राज्य स्तर पर बिस्कोमान से संबंधित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिस्कोमान की आर्थिक स्थिति जर्जर होने के कारण प्रखण्ड स्तरीय पणन सहकारी समितियाँ किसानों को खाद, बीज, कीटनाशी इत्यादि उपलब्ध कराने तथा कृषि उत्पादों का पणन करने में भी असमर्थ है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिस्कोमान की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*155. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत नगर पंचायत सुगौली में वार्ड नं० 15 पकड़ी चौक से वार्ड नं० 18 सुगौली लाइन गाँव होकर भेड़िहरवा टोला की तरफ जाने वाली लगभग 1 कि०मी० कच्ची सड़क बूढ़ी गंडक नहीं के बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो जाने के वजह से आवासीत आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*156. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव एवं गड़हनी प्रखंड में अवस्थित पशु चिकित्सालय किराये के भवनों में चल रहा है एवं चरपोखरी प्रखंड के चिकित्सालय भवन की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे वहाँ पदस्थापित डॉक्टरों को रहने एवं ग्रामीणों को पशुओं का इलाज करवाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंडों में कबतक पशु चिकित्सालय हेतु नया भवनों का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बताना

*157. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 19 जनवरी, 2015 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक ''दलितों को अबतक नहीं मिली बकरी, मुर्गी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा एस०सी०/एस०टी० परिवारों के लिये मुर्गी और बकरी पालन के लिये कटिहार, पूर्णियाँ, गया, समस्तीपुर, किशनगंज और अररिया जिला में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करना था, इसके तहत सभी दलित परिवारों के बीच मुफ्त चूजा का वितरण करना था तथा इसके अलावा सीवान, गोपालगंज, सारण, वैशाली, गया और पटना में लेयर फर्मिंग योजना तथा दुधारू पशुओं को पालने के लिये विशेष अनुदान योजना शुरू करनी थी, लेकिन अबतक योजना का लाभ एस०सी०/एस०टी० को नहीं दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में विभाग को 300 करोड़ का बजट में राशि उपलब्ध की गई थी, जिसका 30 प्रतिशत राशि भी मुर्गी एवं बकरी पालन पर खर्च नहीं की जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि खर्च नहीं करने का औचित्य क्या है ?

--------

आपूर्ति कराना

*158. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के किसानों को वर्ष 2014-15 में खेती हेतु 24,000 हजार मेट्रिक टन यूरिया खाद का आवंटन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त आवंटन के विरुद्ध दिनांक 5 फरवरी, 2015 तक मात्र 12,000 हजार मेट्रिक टन यूरिया खाद की आपूर्ति की गयी है, जिससे किसानों को लाचारी में कालाबाजारी में खाद क्रय करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बक्सर जिला को आवंटित 24,000 हजार मेट्रिक टन आपूर्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली की व्यवस्था करना

*159. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''चिता से रोशन होती देशरत्न राजेन्द्र बाबू की समाधि'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर बिजली की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो डॉ० प्रसाद की समाधि को अंधेरे में रखने का क्या औचित्य है ?

--------

भवन का निर्माण

*160. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड परसा के परसा पशु अस्पताल का भवन जर्जर होने के कारण चिकित्सक को बैठने एवं पशुओं की दवा मिलने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु अस्पताल के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

--------

पेयजल की आपूर्ति

*161. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बहादुरगंज में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं की गई है, जिसके कारण आमजन दूषित पानी पीने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायत में कबतक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला सहित पथ का निर्माण

*162. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंडान्तर्गत पश्चिमी रामकृष्ण नगर के मदर टेरेसा पथ से स्व० शिवबालक सिंह के मकान होते हुये ज्योतिष पथ को जोड़ने वाली पथ एवं नाला का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक नाला सहित उक्त पथ निर्माण कराना चाहती है ?

--------

जमीन मुक्त कराना

*163. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत मलाढ़, ग्राम-मलाढ़ में गैर-मजरुआ खास की जमीन जिसका खाता नं० 414, खेसरा नं० 4850, रकबा-3.30 डी० अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जमीन को मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जाँच केन्द्र खोलना

*164. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद यहाँ मिट्टी जाँच केन्द्र नहीं है, जिससे उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खिजरसराय में मिट्टी जाँच केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*165. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''कैसे हो शहरी विकास, राशि हीं खर्च नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में जलापूर्ति, नाला निर्माण, सीवरेज एवं अन्य सेनिटेशन योजना हेतु नगर निकायों को कुल 57.66 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे, परन्तु 2 दिसम्बर, 2015 तक मात्र 32.33 करोड़ रुपये ही खर्च किया गया है, जबकि एक भी योजना पूर्ण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय जल संरक्षण कार्यक्रम के लिये 255.56 करोड़ का आवंटन के विरुद्ध अबतक मात्र 95 करोड़ रुपया ही खर्च हुये है तथा 160 करोड़ रुपये शेष पड़े हुये है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अभीतक उक्त योजनाओं में राशि नहीं खर्च करने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जल आपूर्ति करना

*166. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखंड के उजियारपुर पंचायत में विभाग द्वारा निर्मित जलापूर्ति योजना का पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति पिछले सात माह से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत में कबतक नया बोरिंग एवं पानी टंकी का निर्माण कराकर ग्रामीणों को जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनाना

*167. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्त नगर प्रखंड का गजराजगंज बाजार तथा छोटी सासाराम का पानी आर्सेनिक से पूरी तरह प्रभावित है, जिससे उक्त ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँवों में कबतक आर्सेनिक मुक्त जल की आपूर्ति हेतु जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

धान क्रय केन्द्र खोलना

*168. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 16 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''औने-पौने भाव में धान बेच रहे है किसान'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेरी प्रखंड में सरकारी घोषणा के बावजूद अभीतक धान क्रय केन्द्र नहीं खुलने से किसान परेशान है तथा धान औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर है और बिचौलिये सक्रिय है;

(2) क्या यह बात सही है कि धनश्यामपुर और किरतपुर प्रखंड में न तो किसी पैक्स ने अबतक धान क्रय केन्द्र खोला है और न ही प्रखंड स्तर पर ऐसी व्यवस्था की गयी है जिससे रब्बी की बुआयी सहित अन्य जरुरतों को पूरा करने हेतु किसान धान बेच रहे है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में धान क्रय केन्द्र खोलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनाना

*169. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड के हावी भोआर, तरौनी, रमौली, पोहद्दी, देवराम शिवराम, अमैठी में जलमीनार नहीं, है,, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामों में कबतक एक-एक जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलापूर्ति योजना का कार्य शुरू करना

*170. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेमनगर एवं तिलकताजपुर ग्राम में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक 977, दिनांक 9 जून, 2014 को प्रदान की गयी एवं निविदा भी निकाली गयी, लेकिन अभीतक कार्य शुरू नहीं किया गया, यदि हाँ, तो उक्त ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का कार्य शुरू नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

पशु अस्पताल खोलना

*171. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पशुओं की समुचित सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिये पशु अस्पताल की स्थापना प्रखंड स्तर पर की है;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के खुटहा पूर्वी पंचायत में एक भी पशु अस्पताल नहीं है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायत में कबतक पशु अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भूमि उपलब्ध कराना

*172. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखंड में ई-किसान भवन निर्माण हेतु वर्ष 2014-15 में निविदा निकाला गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण संवेदक द्वारा कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में ई-किसान भवन निर्माण हेतु भूमि उलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्ट्रीट लाईट लगाना

*173. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर नगर के बाईपास रोड तथा सदर अस्पताल तक जानेवाली सड़क पर स्ट्रीट लाईट के अभाव में अंधकार रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों में कबतक स्ट्रीट लाईट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*174. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 20 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''कितने जानवरों को टीके लगे विभाग को पता नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ऐसकैड प्रोग्राम के तहत वर्ष 2013 में 39 करोड़ एवं वर्ष 2014 में 45 करोड़ रुपये की आवंटित राशि से पशुओं के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये योजना तैयार की गयी थी, जिसके तहत पशुओं के टीकाकरण के अलावे पशु अस्पतालों का निर्माण एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण समेत कई महत्वपूण कार्यक्रम चलाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि में से विभाग द्वारा 10 करोड़ रुपये टीकाकरण के लिये विभिन्न जिलों को आवंटित किया गया, जिसका उपयोगिता प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं होने के कारण केन्द्र से अतिरिक्त राशि प्राप्त नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं देने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाँच कराना

*175. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सूबे में पटना, मोतिहारी, गया सहित विभिन्न जिलों में नकली घी बनाने एवं बेचने का कारोबार चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के दलदली रोड तथा पार्क रोड में नकली घी बनाया एवं बेचा जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नकली घी निर्माण करने, बेचने वाले व्यापरियों एवं दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध जाँच कर समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी कराना

*176. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय, बरदाहा की जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय की जमीन का कबतक सीमांकन एवं अतिक्रमण मुक्त करा उसकी चहारदीवारी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पाइप बिछाना

*177. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''बह रहा पानी सूख रहे हलक'' की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

((1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी जमालपुर में वर्ष 2010 में डेढ़ करोड़ की लागत से जलमीनार व जलापूर्ति पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय उदासीनता के कारण गोगरी जमालपुर में चार-पाँच माह में से रोजाना हजारों लीटर पानी बिना उपयोग के बर्बाद हो रहा है, जबकि लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलापूर्ति हेतु पूरे क्षेत्र में पाइप बिछाकर बर्बाद हो रहे हजारो लीटर पेयजल को संरक्षित करने का विचार रखती है ?

------------

औचित्य बताना

*178. श्री दिनेश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 5 मई, 2015 को प्रकाशित ''बिना पानी 20 साल में दे रहे टैक्स'' को ध्यान में देते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

((1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में पटना सिटी के चंद्र महाराज की गढ़, लोदी कटरा, चिकटोली, सादिकपुर सराय, नवाब कॉलोनी, विकास कॉलोनी, बजरंगपुरी कॉलोनी, लाला टोली और हरनाहा टोला में पानी का पाइप बिछाकर कुछ घरों में पानी आपूर्ति की गई, फिर पानी की आपूर्ति बन्द हो गयी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोलों के उपभोक्ताओं द्वारा बिना पानी के 20 साल से पानी का टैक्स दे रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा उक्त टोलों के उपभोक्ताओं से टैक्स लेने के बाद भी अभीतक जल की आपूर्ति नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

------------

जल आपूर्ति की व्यवस्था

*179. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

((1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत बलिया गाँव में वर्ष 2010 में ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत जल आपूर्ति की व्यवस्था की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जल आपूर्ति के लिये बिछायी गयी पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने और ऑपरेटर के नियमित नहीं रहने के कारण जल आपूर्ति नहीं होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पेयजल व्यवस्था को सुचारू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बताना

*180. डॉ० अच्युतानन्द–दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 नवम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर "खर्च तो करे राज्य सरकार" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2013-14 में शौचालयों के निर्माण योजना के अधीन सरकार द्वारा विभाग को 135.37 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ और पूर्व से 359.17 करोड़ रुपये का बचत प्राप्त था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवधि में विभाग द्वारा मात्र 32.23 % राशि ही खर्च की गयी और 246.75 करोड़ रुपया खर्च नहीं हो सका;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवधि में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के 13.68 लाख लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 02.90 प्रतिशत की ही उपलब्धि हुई;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि की उपलब्धता के बाद भी लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

पशु उप-स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*181. श्रीमती सुजाता देवी–क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत तुलापट्टी के ग्राम परसा के प्राथमिक पशु चिकित्सालय, किशनपुर की दूरी 10 किलोमीटर है जिससे प्राथमिक उपचार के लिये पशुओं को ले जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पशु उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्कीकरण कराना

*182. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया नगर पंचायत अन्तर्गत केसरियाडिह से दक्षिण बुढ़िया माई स्थान एस०एच०-74 की ओर जाने वाली सड़क नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 2 कि०मी० जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है ?

---

गैस उपलब्ध कराना

*183. श्रीमती पूनम देवी यादव–हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दिनांक 30 जनवरी, 2015 को छपी खबर "गैस ऐजेंसी संचालक की मनमानी से लोग परेशान" की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी में संचालित दीप गंगा गैस ऐजेंसी द्वारा पर्चा काटने में अनियमितता बरतने के कारण उपभोक्ताओं को गैस ऐजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि ऐजेंसी अनियमितता के साथ-साथ डोर-टू-डोर गैस डिलिभरी नहीं करती है, जिससे उपभोक्ताओं को गैस लेने के लिये गैस गोदाम जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खगड़िया जिले के सभी घरेलू गैस ऐजेंसी को शर्त और एकरारनामा के अनुरूप उपभोक्ताओं को घरेलू गैस उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

ट्रीटमेंट प्लांट बनाना

*184. श्रीमती सुखदा पाण्डेय—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के केशोपुर में आर्सेनिक युक्त जल के लिये वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य बंद हो जाने के कारण आमलोगों को आर्सेनिक युक्त जल पीने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*185. श्री अवधेश सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत नगर परिषद् के कौनहारा घाट में अवस्थित विद्युत् शवदाह गृह 10 वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्युत् शवदाह गृह को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वितरण कराना

*186. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010 में निर्णय लिया गया है कि कृषि संयंत्रों एवं बीज वितरण संबंधी कार्य पैक्स के माध्यम से किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सरकार द्वारा उक्त निर्णय के आलोक में आजतक कृषि संयंत्र एवं बीज वितरण इत्यादि की व्यवस्था पैक्स के माध्यम से नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सारण जिला में पैक्स के माध्यम से कृषि संयंत्र एवं बीज का वितरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पशु चिकित्सालय खोलना

*187. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में स्थित पशु चिकित्सालय से पुरण छपरा, दिलावरपुर, मेदनशिरशिया, पीपराखेम, बासघाट, रमडीहा नया कोइर, गणेश शिरशिया आदि गाँवों की दूरी लगभग 25 से 30 कि०मी० है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र के पशुपालकों को पशुओं की इलाज में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त इलाके के पुरण छपरा में पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*188. श्री इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में 16 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''गेहूँ के बीज में अंकुरण नहीं होने से हाहाकार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड में 883 किसानों ने अनुदानित दर पर बीज लिया है जो ए०डी० 2967 प्रभेद का बीज है तो यह हावीडीह दक्षिणी पंचायत के किसानों के खेत में 25 दिनों के बाद भी नहीं उगा जिससे वहाँ के किसानों में हाहाकार हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार इस बिन्दु की उच्चस्तरीय जाँच कराते हुये संबंधित दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार कराना

*189. श्रीमती रश्मि वर्मा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर परिषद्, नरकटियागंज के ब्लॉक रोड, ब्लॉक अंचल एवं अनुमंडल कार्यालयों की तरफ जाने वाली एकमात्र सड़क गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिसके कारण आम जनता को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई

*190. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर अंचल के मौजा हकका, खाता 571, खेसरा 948, 949, खाता 513, खेसरा 974, खाता 573, खेसरा 939, 940, 941 एवं मौजा बधवा खाता 50 खेसरा 109 को अधिसूचना संख्या 2198, दिनांक 5 दिसम्बर, 1983 धारा 15(1) के तहत समाहर्ता, पूर्णियाँ ने अर्जित नहीं किया था बल्कि भू-धारी को धारण करने की अनुमति दिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित खाता वो खेसरा को चौकीदार विरू हरिजन एवं बालदेव विश्वास को लाल कार्ड के माध्यम से बिना समाहर्ता को अनुमति से गैर-अर्जित भूमि बन्दोबस्त कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध लाल कार्ड को अविलम्ब रद्द कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सार्वजनिक शौचालय बनाना

*191. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड मड़वा पूरब पंचायत के वार्ड नं० 2, यादव टोला की आबादी लगभग 500 घर के रहने के बावजूद उक्त वार्ड में सरकारी शौचालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्ड के यादव टोला में कबतक सार्वजनिक शौचालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शुद्ध पेय जलापूर्ति की व्यवस्था

*192. श्री सोने लाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया में पेयजल आपूर्ति की क्षमता मात्र 10,000 (दस हजार) लीटर है, परन्तु मात्र 5,000 (पाँच हजार) लीटर जलापूर्ति ही प्रतिदिन किया जाता है, जो आबादी के अनुरूप नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कटोरिया में कबतक आबादी के अनुरूप शुद्ध पेय जलापूर्ति की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

रजिस्ट्री चालू कराना

*193. श्री सोने लाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला छपरा के जिला समाहर्ता द्वारा पिछड़ा क्षेत्र के मौजा विसनपुर, वासरगंज आदि लगभग 22 मौजों के टोलों की भूमि (बाढ़ की पानी से डूबी भूमि को रजिस्ट्री विगत 8 माह से बन्द होने के कारण सरकार को करोड़ों रुपये की क्षति हो रही है तथा किसाना अपनी जमीन बेचने से वंचित हो गये है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्रों के टोलों के भूमि की रजिस्ट्री को कबतक पुनः चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

योजना पूर्ण कराना

*194. श्री मंजीत कुमार सिंह—दिनांक 01 फरवरी, 2015 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक "3.50 अरब की योजना को नहीं मिल रही जमीन" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 44 लाख आबादी को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिये वर्ष 2010-11 में सरकार ने आर्सेनिक से प्रभावित क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु मल्टी विलेज वाटर सप्लाई हेतु संयत्र लगाने हेतु 3.5 अरब रुपये की योजना को स्वीकृति दी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मनेर प्रखंड में 75 करोड़ भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के नेकनाम गाँव में 138 करोड़, समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर के लिये 137 करोड़ की लागत से मल्टी विलेज वाटर सप्लाई स्कीम का क्रियान्वयन किया जाना है;

(3) क्या यह बात सही है कि चार वर्षों से जमीन नहीं मिलने की वजह से 3.50 अरब की मल्टी विलेज वाटर सप्लाई स्कीम का क्रियान्वयन रुका हुआ है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लंबित योजना को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है?

---------

निर्माण शुरू कराना

*195. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के बेलसंड नगर पंचायत प्रधानमंत्री, ग्राम सड़क से यादव टोला जाने वाली पथ में पुल का निर्माण मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजनान्तर्गत 25 लाख रुपये की लागत से वित्तीय वर्ष 2012-13 में स्वीकृति मिलने के बाद भी आजतक पुल का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हाँ,

प्रतिनियुक्ति करना

*196. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि संयुक्त निदेशक, गव्य विकास निदेशालय, पटना, गव्य अभियंता, पटना, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, पटना, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, भागलपुर, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद इन सभी का पद पिछले एक वर्ष से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रिक्त पदों पर कबतक प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

खतियान उपलब्ध कराना

*197. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ समाहरणालय स्थित रिकॉर्ड रूम में 1903 ई0 का खतियान उपलब्ध रहने के बावजूद लोगों को उसका नकल प्राप्त नहीं हो रहा है, फलस्वरूप अधिकारियों को भूमि विवाद के निष्पादन में अवांछित देरी एवं हकदार को इन्साफ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार लोगों को कबतक 1903 ई0 का खतियान उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घेराबन्दी कराना

*198. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के गढ़पुरा में बाबा हरिगिरि धाम की जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये धाम की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधूरे कार्य को पूरा करना

*199. श्रीमती मनोरमा प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड के बनकटवा महादलित बस्ती एवं खड्डा पंचायत के खड्डा पटहरी बस्ती में वर्ष 2010 में ही मिनी पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जो आजतक पूरा नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करना

*200. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत बिदुपुर प्रखंड के बहुग्रामीण पेयजल योजनान्तर्गत वर्ष 2009 में पाइप लाइन बिछाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पेयजल योजनान्तर्गत जलमीनार का निर्माण हो गया है लेकिन पेय जलापूर्ति नहीं किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में बहुग्रामीण पेयजल योजनान्तर्गत जल की आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

खरीदने का औचित्य

*201. श्री दिनेश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''धान के साथ किया प्रदर्शन'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में वित्तीय वर्ष 2014-15 में एक लाख 15 हजार मेट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य है लेकिन अभीतक मात्र 1,700 मेट्रिक टन की धान की खरीद की गई है, यदि हाँ, तो उक्त जिला में लक्ष्य से कम धान खरीदने का क्या औचित्य है ?

--------

भवन का निर्माण कराना

*202. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सत्याग्रह के मुख्यालय पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी में भारत सरकार द्वारा महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसका भूमि राज्य सरकार को 301 एकड़ देना है जो पुरस्तपुर, बैरिया बनकर, चन्द्रहीमा पंचायत मोतिहारी प्रखंड में चयनित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत सरकार द्वारा लगभग 200 करोड़ राशि भी प्रदान किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भूमि अधिग्रहित कर उक्त विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण कराकर पठन-पाठन करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

शुद्ध जल आपूर्ति करना

*203. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत कुरेठा पंचायत के महादलित बाहुल्य गाँव बलुआ में पीने के स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव के श्री राजेन्द्र पोद्दार शुद्ध जलापूर्ति योजना के कार्यान्वयन के लिये अपनी भूमि देने के लिये तैयार हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में शुद्ध जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

धान क्रय सुनिश्चित करना

*204. श्री तारकिशोर प्रसाद--दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''किसान परेशान बिचौलिया मालामाल'' के आलोक में क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा 25 नवम्बर से धान खरीदने का निर्देश जारी करने के बाद भी पैक्सों द्वारा धान खरीद नहीं की जा रही है, जिससे किसान औने-पौने कीमत पर धान बेचने को विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पैक्सों द्वारा धान खरीदना सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पेयजल उपलब्ध कराना

*205. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु राज्य के विभिन्न स्थानों में जल परीक्षण प्रयोगशाला का स्थापना किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के अन्तर्गत कोई भी जल परीक्षण प्रयोगशाला एवं सैम्पल कलेक्शन सेंटर की स्थापना आजतक नहीं की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलमीनार जल परीक्षण प्रयोगशाला केन्द्र एवं पानी सैम्पल कलेक्शन सेंटर स्थापित करके आम जनता को सुलभ, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

धान खरीद करना

*206. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के बहादुरगंज में धान क्रय केन्द्र में धान की खरीदारी किसानों से नहीं की जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त धान क्रय केन्द्र से किसानों से कबतक धान खरीद करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण कराना

*207. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, सुगौली अन्तर्गत शवदाह गृह नहीं होने के कारण आम लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है, जबकि सिकहरना नदी पुल घाट पर शवदाह गृह हेतु पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर शवदाह गृह का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशन कार्ड उपलब्ध कराना

*208. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार के दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, गरीब मुस्लिमों को राशन कार्ड के अभाव में खाद्य सामग्री नहीं मिल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार के गलत नीति के कारण बिहार में भीषण महंगाई में उपरोक्त सवर्ग के गरीब जनता भुखमरी के कगार पर हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार के दलित, महादलित, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, गरीब मुस्लिमों को राशन कार्ड उपलब्ध करते हुये खाद्य सामग्री वितरण कराने का विचार रखता है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*209. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखण्ड स्थित ग्राम-हरपुर ओस्ती, अंचल-महुआ के महादलितों के अवरुद्ध रास्ता को न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी, महुआ, थेंजू राम बनाम थेंजू झा वगैरह वाद सं० 994/13 (क) धारा 147 के तहत रास्ता से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिनांक 5 दिसम्बर, 2013 को पारित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आदेश का अवतरण एक वर्ष पूर्व अंचल अधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष, महुआ को भेजा गया है, परन्तु अभीतक अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महादलितों के अवरुद्ध रास्ता को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार बनाना

*210. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखण्ड मुख्यालय में जलापूर्ति हेतु जलमीनार नहीं होने के कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार प्रखण्ड मुख्यालय में कबतक जलमीनार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पानी टंकी बनाना

*211. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखण्ड के महसौरा, बड़हिया प्रखण्ड के खुटहा, डुमरी एवं जैतपुर आदि गाँवों की आबादी 5,000 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार 5,000 से अधिक आबादी वाले गाँवों में पानी टंकी निर्माण की घोषणा वर्ष 2011 में की है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में पानी टंकी बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना:
दिनांक 19 मार्च, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 158 डी०टी०पी० 450